# राजभाषा एकक
# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर
## विषय - राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पंद्रहवी बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पंद्रहवी बैठक दिनांक 27 फरवरी 2017 को अपराह्न 16.00 बजे बोर्ड कक्ष, तोषाली भवन परिसर में संस्थान निदेशक प्रो. आर. वी राज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

1. प्रो. आर. वी. राज कुमार , अध्यक्ष, (राकास)
2. प्रो. एस. राय, संकयाध्यक्ष (एफ. एवं पी.)
3. श्री देबराज रथ, कार्यवाहक कुलसचिव एवं संयुक्त कुलसचिव (वि. एवं.ले.)
4. प्रो. प्रेमचंद पाण्डेय , अभ्यागत प्राध्यापक
5. डॉ. आर.के.सिंह, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक
6. डॉ. राजन झा, सहायक प्राध्यापक, एसबीएस
7. डॉ. अखिलेश बर्बे, सहायक प्राध्यापक, एसएमएस
8. डॉ. गौतम मंडल, सहायक प्राध्यापक, एसआईएफ
9. डॉ. बिभूति भूषण साहू, उप पुस्तकालयाध्यक्ष
10. श्री पी.के. साहू, सहायक कुलसचिव (भं. एवं. क्र.)
11. डॉ. शैलेन्द्र नारायण राउत राय, सहायक कुलसचिव (स्थापना अनुभाग)
12. श्री यमुना प्रसाद , कनिष्ठ अधीक्षक. कार्यवाहक सदस्य सचिव (राकास)

बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। सदस्य सचिव एंव प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची की मदों पर बिंदुवार चर्चा प्रारम्भ की।

**मद सं. 15.0** <u>गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u> – दिनांक 06.10.2016 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चौदहवी बैठक के कार्यवृत्त की समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुष्टि प्रदान की।

**मद सं. 15.1** <u>गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई :</u> अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों को गत बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई से संबंधित निम्न जानकारी प्रस्तुत की गई :-

i) **धारा 3(3) के अंतर्गत दस्तावेज़ों का द्विभाषी रूप में प्रकाशन:** उक्त दस्तावेज़ों को द्विभाषी रूप में जारी करने के लिए कुलसचिव एवं सभी सहायक कुलसचिव को अनुरोध किया गया और इसके अनुपालन पर विशेष बल देने को कहा गया है।

यमुना प्रसाद

ii) **भर्ती संबंधी कार्यों में हिंदी का प्रयोग:** इस संबंध में प्रयास करने का अनुरोध किया गया है।

iii) **हिंदी पत्राचार की स्थिति:** समिति के सदस्यों को यह जानकारी दी गई कि आवरण पत्र सभी कर्मचारियों को मेल कर दिए गये थे और सभी से इसके अनुपालन हेतु अनुरोध किया गया है।

iv) **फाइलों पर टिप्पणी लिखने पर चर्चा :** हम वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में निरंतर असफल हो रहे है, और इस संबंध में निरन्तर प्रयास करने का अनुरोध किया गया है।

v) **हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों द्वारा हिंदी में कार्य करना :** हमारे संस्थान में एक प्रवीणता प्राप्त, 04 पारंगत एवं 11 प्राज्ञ उत्तीर्ण कर्मचारी है। संस्थान में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए इनसे हिंदी में कार्य करने का आदेश जारी किए जा सकता है जिससे कि वे अपना सरकारी दैनिक काम-काज हिंदी में कर सकें। एक प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी कार्यवाहक सदस्य सचिव (राकास) और कार्यवाहक सदस्य सचिव (नाराकास) का कार्य कर रहे हैं।

vi) **हिंदी में कार्य करने के लिए विभागों को निर्दिष्ट करना :** हिंदी में कार्य करने के लिये विभागों को आग्रह किया गया है।

vii) **नराकास के अधीन प्रतियोगिता/कार्यशाला का आयोजन :** कनिष्ठ हिंदी अनुवादक का पद रिक्त होने के कारण नराकास के अधीन प्रतियोगिता/कार्यशाला का आयोजन नहीं हो पा रहा है। नये कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के आने के उपरान्त पुनः प्रयास किया जायगा।

**मद सं. 15.2 अक्तूबर – दिसम्बर 2016 की तिमाही की बैठक का आयोजन न हो पाना:** प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने कनिष्ठ हिंदी अनुवादक का पद रिक्त होने के कारण पिछली तिमाही बैठक का आयोजन न हो पाने पर खेद व्यक्त किया और राकास के सभी सदस्यों ने नियमित रूप से तिमाही बैठक आयोजन करने पर बल दिया।

**कार्रवाई कार्यवाहक सदस्य सचिव (राकास) /राजभाषा एकक**

**मद सं. 15.3 कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के भर्ती पर चर्चा :** प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने कनिष्ठ हिंदी अनुवादक का पद रिक्त होने के कारण हो रही परेसानियों से अवगत करवाया। डॉ. एस. एन. राउतराय, सहायक कुलसचिव (स्थपना) ने भर्ती प्रक्रिया के यथास्थिति से सभी सदस्यों को अवगत करवाया। अध्यक्ष महोदय ने श्री यमुना प्रसाद , कनिष्ठ अधीक्षक. कार्यवाहक सदस्य सचिव (राकास) को हिंदी ई-पत्रिका को प्रकाशन जारी रखने को कहा एंव सभी प्रशिक्षित कर्मियों को इस में योगदान देने को कहा।

**कार्रवाई – कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव/ श्री यमुना प्रसाद /राजभाषा एकक**

**मद सं. 15.4 धारा 3(3) के अंतर्गत सभी दस्तावेज़ों को द्विभाषी रूप में प्रकाशन :** प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों को जानकारी दी कि धारा 3(3) के अंतर्गत दस्तावेज़ों का शत प्रतिशत

यमुना प्रसाद

द्विभाषी रूप में प्रकाशित न करने पर मंत्रालय द्वारा आपत्ति जताई जाती है। प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने इस ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर सदस्यों का ध्यान केंद्रित किया। सदस्य-सचिव ने समिति के सदस्यों को विज्ञापनों के द्विभाषी प्रकाशन पर भी चर्चा की। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने हिंदी समाचार पत्रों में इसे प्रकाशित करने पर बल दिया।

**कार्रवाई – कुलसचिव/ सभी सहायक कुलसचिव/ राजभाषा एकक**

**मद सं. 15.5 हिंदी में पत्राचार की स्थिति – :** समिति के सदस्यों को जानकारी दी कि संस्थान के हिंदी पत्राचार का प्रतिशत राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार अभी भी बहुत कम है जिसके कारण मंत्रालय से निरंतर पत्र प्राप्त होते रहते हैं। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिये। प्रो. एस. राय, संकयाध्यक्ष (एफ. एवं पी.) ने सभी प्रशिक्षित कर्मियों को न्यूनतम 10% दैनिक कार्य हिंदी में करने के लिये व्यक्तिगत आदेश जारी करने का सुझाव दिया जिसे सर्वसम्मति से मान लिया गया।

**कार्रवाई – कुलसचिव/ सभी सहायक कुलसचिव/ सभी संबंधित कर्मचारी/अनुभाग/ राजभाषा एकक**

**मद सं. 15.5 फाइलों पर टिप्पणी लिखने पर चर्चा :-** सदस्य सचिव ने समिति के सदस्यों को जानकारी दी कि हम वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में निरंतर असफल हो रहे है। दैनिक प्रयोग की टिप्पणियों के लिए एक पुस्तिका तैयार की गई है साथ ही इसे संस्थान की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। इसके साथ हीं सभी प्रशिक्षित कर्मियों को न्यूनतम 10% दैनिक कार्य हिंदी में करने को आग्रह किया गया।

**कार्रवाई – कुलसचिव/ सभी सहायक कुलसचिव /सभी संबंधित कर्मचारी/अनुभाग/ राजभाषा एकक**

**मद सं. 15.8 नराकास के हस्तांतरण पर चर्चा:-** समिति के सदस्यों को जानकारी दी गई कि संस्थान निदेशक प्रो. आर.वी. राज कुमार, की अध्यक्षता में नराकास की 60वीं बैठक 06.03.2017 को "भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर" के सामंतपुरी परिसर में होगी | इस बैठक में नराकास के हस्तांतरण अभी न करने पर अध्यक्ष महोदय ने जोर दिया और नराकास की 61वीं बैठक अरगुल परिसर में करवाने हेतू 60वीं बैठक विचार करने को कहा। प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा ने विभिन्न नराकास सदस्य कार्यलयों के हिंदी अधिकारियों एंव कर्मियों के साथ हुये बैठक के निष्कर्ष से अध्यक्ष महोदय एंव सभी सदस्यों को अवगत करवाया।

**कार्रवाई – राजभाषा एकक/ सदस्य-सचिव, नराकास भुवनेश्वर**

**मद सं. 15.9 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई मद :-** इस मद के अधीन सदस्यों के कोई विचार प्राप्त नहीं हुए।

डॉ. राज कुमार सिहं, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

देबराज रथ

**कुलसचिव**

यमुना प्रसाद